डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः सी.ओ.ई-660 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2020–21 दिनांकः– 14 फरवरी, 2022

कार्यालय–ज्ञाप

(परास्नातक स्तरीय सम–विषम बैक पेपर परीक्षा–2021 एवं स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 (द्वितीय) की परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में)

कोविड–19 वैश्विक महामारी के वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत् निर्धारित सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित करते हुए विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र–2021–22 में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत परास्नातक–स्तरीय पाठ्यक्रमों की दिनांक 22.02.2022 से आयोजित विषम अधिसत्र परीक्षा (दिसम्बर, 2021 के अन्तर्गत) माह फरवरी–2022, को विभागीय–स्तर पर पूर्व की भाँति सम्पन्न कराया जाना है।

उक्त के साथ–साथ यह भी अवगत कराना है कि सम–विषम बैक पेपर परीक्षा–2021 एवं स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 (द्वितीय)–माह फरवरी, 2022 हेतु विश्वविद्यालय के निर्गत पत्रांक–सी.ओ.ई.–648, दिनाँक 07.02.2022 द्वारा निर्धारित परीक्षा समय–सारिणी के अनुसार **परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं, जिसमें विषम अधिसत्र की बैक पेपर परीक्षा–2021 एवं विषम अधिसत्र की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा को दिनाँक 22.02.2022 से आयोजित की जाने वाली नियमित विषम अधिसत्र की परीक्षा (दिसम्बर, 2021 के अन्तर्गत) माह फरवरी, 2022 के साथ आयोजित करायी जायेगी, जिसकी समय–सारिणी पृथक से निर्गत की जायेगी।** इसके अतिरिक्त सम अधिसत्र की परास्नातक स्तरीय बैक पेपर परीक्षा एवं स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 (द्वितीय) निर्धारित परीक्षा समय–सारिणी पत्रांक–सी.ओ.ई.–648, दिनाँक 07.02.2022 के अनुसार ही विभागीय स्तर पर दिनाँक 16.02.2022 से सम्पन्न करायी जायेगी।

अतः उपर्युक्तानुसार परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों की आयोजित परीक्षाओं को विभागीय स्तर पर नियमानुसार सम्पन्न कराया जाना अपेक्षित है।

उक्त कार्यालय–ज्ञाप मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश/अनुमोदन के क्रम में निर्गत किया जा रहा है।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय।
5. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, विश्वविद्यालय।
6. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
7. प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।
8. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
9. चिकित्सा अधीक्षक, विश्वविद्यालय।
10. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
11. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग/सम्बन्धित को अनुपालनार्थ।
12. गार्ड फाइल।

14/2/22
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक